मुख्य सचिव उत्पल कुमार सिंह एस रामास्वामी को शपथ दिलाते हुए।





# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### एस. रामास्वामी को मुख्य आयुक्त सेवा का अधिकार आयोग की शपथ दिलाई

**संवाददाता** देहरादून। मुख्य सचिव उत्पल कुमार सिंह द्वारा अपने कक्ष में पूर्व अध्यक्ष उत्तराखण्ड राजस्व परिषद् एस0 रामास्वामी को मुख्य आयुक्त उत्तराखण्ड सेवा का अधिकार आयोग के पद की शपथ दिलाई गयी। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी उपस्थित थीं।

### सांसद अजय भट्ट ने सीएम से की भेंट

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत से बुधवार को सचिवालय में सांसद अजय भट्ट ने भेंट की। इस अवसर पर कोविड–19 के दृष्टिगत राज्य की अर्थव्यवस्था में सुधार लाने के सबंध में चर्चा की गई। सांसद अजय भट्ट ने कोविड–19 के प्रभावी रोकथाम के लिए राज्य सरकार द्वारा किये जा रहे प्रयासों की सराहना की।

### सेंटर ऑफ एक्सीलेंस नामित

**संवाददाता** देहरादून। दून मेडिकल कॉलेज को कोविड–19 के क्लिनिकल मैनेजमेंट के लिए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस नामित किया गया है।

### भाजपा प्रदेश मीडिया विभाग के प्रदेश कार्यालय के कार्यों का विभाजन

**संवाददाता** देहरादून। आज भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रदेश उपाध्यक्ष व मीडिया प्रभारी डॉ देवेंद्र भसीन की अध्यक्षता में मीडिया विभाग की बैठक सम्पन्न हुई जिसमें प्रदेश कार्यालय पर प्रतिदिन एक एक प्रवक्ता व मीडिया प्रभारी नियमित रूप से प्रदेश कार्यालय मीडिया कक्ष में बैठने का निर्णय लिया गया। बैठक में सीमा पर शहीद हुए भारतीय सैनिकों को शृद्धांजलि दी गई और कहा गया कि उनका बलिदान हमेशा याद किया जाएगा। बैठक सोशल मीडिया एवम मीडिया विभाग को आपस मे समन्वय स्थापित करने के लिए प्रतिदिन प्रदेश कार्यालय में 11 बजे प्रवक्ता, मीडिया प्रभारी व सोशल मीडिया प्रभारी बैठक नियमित होगी।

### सीएचसी का एंबुलेंस चालक कोरोना पॉजिटिव, 32 लोग सेल्फ क्वारंटाइन

**संवाददाता** देहरादून। देवप्रयाग के सीएचसी हिंडोलाखाल के एंबुलेंस चालक के कोरोना पॉजिटिव होने से मेडिकल स्टॉफ में हड़कंप मच गया। चालक की कोरोना रिर्पोट पॉजिटिव आने के बाद सीएचसी प्रभारी डॉ. सतीश कुमार तथा 31 सदस्यों का स्टॉफ सेल्फ क्वारंटाइन हो गए हैं। सीएचसी हिंडोलाखाल के एंबुलेंस चालक ने कोरोना के लक्षण नहीं होने के बाद भी बीते दिनों ऐतिहातन अपनी कोरोना संक्रमण की जांच के लिए सैंपल श्रीनगर लैब में भेजा। जिसके बाद चालक की रिर्पोट पॉजिटिव आने से सीएचसी स्टॉफ में हड़कंप मच गया।

## दून में कोरोना संक्रमितों की संख्या 507 पहुंची

**संवाददाता** देहरादून। जिलाधिकारी डॉ0 आशीष कुमार श्रीवास्तव ने बताया है कि जनपद में कोरोना वायरस संक्रमण के दृष्टिगत 94 सैम्पल जाचं हेतु भेजे गये तथा 161 जांच रिपोर्ट प्राप्त हुई, जिनमें 14 व्यक्तियों की रिपोर्ट पॉजिटिव आने के फलस्वरूप जनपद में कोरोना पॉजिटिव संक्रमितों की संख्या 507 हो गई है, जिनमें 104 व्यक्ति वर्तमान में उपचाररत् हैं। इसके अतिरिक्त जनपद में आज कुल 388 व्यक्तियों के सैम्पल लिये गये तथा 20 व्यक्तियों की रैण्डम सैम्पलंग की गयी ।

आंगनबाड़ी कार्यकर्तियों द्वारा जनपद अंतर्गत विकासखण्ड रायपुर एवं कालसी में 7237 व्यक्तियों की सामुदायिक निगरानी का कार्य करते हुए तथा इनमें से होम क्वारेंटीन किये गये 34 व्यक्तियों की स्वास्थ्य सम्बन्धी जानकारी प्राप्त की गयी। आंगनबाड़ी कार्यकर्तियों की 24 टीमों द्वारा जनपद देहरादून अन्तर्गत बनाये गये विभिन्न कन्टेंमेंट जोन में 610 व्यक्तियों की सामुदायिक निगरानी का कार्य किया। अन्य राज्यों से जनपद में पंहुचे कुल 836 व्यक्तियों को स्वास्थ्य परीक्षण के उपरांत क्वारेंटीन किया गया। जनपद अन्तर्गत बनाये गये क्वारेंटीन सेन्टरों में रखे गये 45 व्यक्तियों की चिकित्सकीय टीम द्वारा स्वास्थ्य जांच एवं कांउसिलिंग की गयी। आज विभिन्न चिकित्सालयों को 245 एन–95 मास्क, 104 पी0पी0ई0 कीट, 1200 हाईड्रोक्लोरिन वितरित किये गये।

# योजना में अधिक से अधिक लाभार्थियों को लाभ पहुंचाया जाए

**बैठक**

वार्षिक ऋण योजना को बढ़ाकर 25 हजार 793 करोड़ की संशोधित वार्षिक ऋण योजना अनुमोदित की गई

**संवाददाता**

देहरादून। बुधवार को मुख्य सचिव उत्पल कुमार सिंह की अध्यक्षता में सचिवालय सभागार में राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति उत्तराखण्ड की विशेष बैठक आयोजित हुई। बैठक में वार्षिक ऋण योजना 2020–21 पर चर्चा करते हुए स्थानीय स्तर पर आर्थिक गतिविधियों को संचालित किये जाने की पर्याप्त संभावनाओं पर विचार करते हुए वार्षिक ऋण योजना को बढ़ाकर 25 हजार 793 करोड़ की संशोधित वार्षिक ऋण योजना अनुमोदित की गई।

ज्ञातव्य है कि पूर्व में यह वार्षिक योजना 23 हजार 980 करोड़ की स्वीकृति थी जिसे राज्य में स्थानीय प्रवासी युवाओं के स्वरोजगार की संभावनाओं के आर्थिक गतिविधियों को संचालित किये जाने की संभावना को देखते हुए राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति उत्तराखण्ड द्वारा डी.एल.आर.सी डी.सी.सी द्वारा अनुमोदित वार्षिक ऋण योजना में विशेष रूप से कृषि क्षेत्र के लक्ष्यों को बढ़ाकर योजना का आकार बढ़ाया गया, तथा इस योजना में 01 हजार 913 करोड़ रूपये की वृद्धि की गयी।



राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक लेते मुख्य सचिव।

मुख्य सचिव द्वारा चर्चा के दौरान बैंकर्स एवं अधिकारियों को निर्देश दिये कि उत्तराखण्ड सरकार द्वारा घोषित मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना में व्यक्तिगत ध्यान देकर अधिक से अधिक लाभार्थियों को लाभ पहुंचाया जाए। बैठक में बताया गया कि युवा उद्यमियों द्वारा डेरी एवं कुक्कुट पालन के क्षेत्र में अधिक उत्साह दिखाया जा रहा है।

मुख्य सचिव ने संबंधित विभागाध्यक्ष को निर्देश दिये कि युवा उद्यमियों द्वारा प्रस्तुत प्रस्तावों को तकनीकी दृष्टि से मदद कराकर बैंकर्स से स्वीकृत कराने में सक्रिय सहयोग दें।

मुख्य सचिव द्वारा जिला स्तरीय पुर्ननिरीक्षण समिति/जिला परामर्शदात्री समिति की प्रगति की समीक्षा के दौरान एजीएम राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति एसबीआई श्री रमेश कुमार पंत द्वारा बताया गया कि जनपद देहरादून, नैनीताल एवं रुद्रप्रयाग जिलों में मई माह में बैठक नहीं हो पायी है बाकी सभी जिलों में जिला स्तरीय पुर्ननिरीक्षण समितिधजिला परामर्शदात्री समिति की बैठक की जा चुकी है। इस पर मुख्य सचिव द्वारा अवशेष तीनों जनपदों में शीघ्र बैठक कराये जाने हेतु वित्त सचिव श्रीमती सौजन्या को सम्बन्धित जिलाधिकारियों से समन्वय कर क्रियान्वित करने के निर्देश दिये गये। बैठक का संचालन सहायक महाप्रबंधक राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति एस.बी.आई रमेश कुमार पंत ने किया।


# केदारपुरी का नया स्वरूप आज हम सभी के सामने

**प्रार्थना सभा**

- सीएम ने वर्चुअल ''श्रद्धांजलि व प्रार्थना सभा'' में प्रतिभाग किया
- प्रतिवर्ष केदार आपदा में हुतात्माओं के लिए श्रद्धांजलि कार्यक्रम का होता है आयोजन

देहरादून। **संवाददाता**

मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने अखिल भारतीय उत्तराखंड त्रासदी पीड़ित मंच द्वारा वर्ष 2013 की आपदा में हुतात्माओं को नमन करने के लिए आयोजित वर्चुअल ''श्रद्धांजलि व प्रार्थना सभा'' में प्रतिभाग किया। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री अश्विनी कुमार चौबे, जो कि स्वयं इस आपदा के भुक्तभोगी रहे, इस मंच के संयोजक हैं। मंच द्वारा प्रतिवर्ष केदारनाथ आपदा में हुतात्माओं के लिए श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है।



वर्चुअल ''श्रद्धांजलि व प्रार्थना सभा'' में प्रतिभाग करते सीएम।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सात वर्ष पूर्व केदारनाथ में आई भीषण आपदा में हजारों लोगों की अकाल मृत्यु हुई। आपदा में मारे गए सभी लोगों के प्रति भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उन्होंने दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए बाबा केदार से प्रार्थना की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में केदारनाथ धाम का पुनर्निर्माण किया गया। दिव्य और भव्य केदारपुरी का नया स्वरूप आज हम सभी के सामने है। चारधाम यात्रा को पहले से अधिक सुरक्षित और सुविधाजनक बनाया गया है।

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बंशीधर भगत ने शहीद सैनिकों को दी श्रद्धांजलि

**संवाददाता** देहरादून। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बंसीधर भगत ने चीनी सेना साथ हुए टकराव में देश के लिए शहीद हुए भारतीय सैनिकों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए उन्हें अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बंशीधर भगत ने कहा कि हमारे वीर सैनिक देश की खातिर शहीद हुए और यह उदेश के प्रति उनके समर्पण, वीरता व साहस का अनुकरणीय उदाहरण है। देश उनकी शहादत को कभी नहीं भूलेगा। उन्होंने प्रधानमंत्री जी को उद्धृत करते हुए कहा कि हमारे शहीदों की शहादत व्यर्थ नहीं जाएगी। उन्होंने कहा कि हम ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि वह शहीदों के परिजनों को यह असीम दुःख सहन करने की शक्ति डे। पूरा देश उनके साथ है। श्री भगत ने कहा कि हमें अपनी सेना पर गर्व है और पूरा देश सेना के साथ है। आज का भारत 1962 का भारत नहीं है। उन्होंने कहा कि हमें अपने प्रधान मंत्री पर पूरा भरोसा है।

In a Digital World Why
To wait for a Howker
Visit Us at http://app.page3news.co.in
Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+







Scan This Code
Read News
Watch News Channel

**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून
से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादकः प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालयः**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।
**फैक्स नं०–**
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून
ही मान्य होगा।